# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## 270 फीसदी डिविडेडं देने जा रही टाटा की ये कंपनी, 10 जून है रिकॉर्ड डेट, शेयर खरीदने का आखिरी मौका !


Publisher | Published on 09 Jun 2025





## Tata Investment Corporation अपने निवेशकों को दे रही है बड़ा तोहफा — 270% डिविडेडं की घोषणा, जानिए रिकॉर्ड डेट और एक्स-डेट से जुड़ी अहम बाते।

**नई दिल्ली :** अगर आप **शेयर बाजार** में निवेश करते हैं और **टाटा ग्रुप** की कंपनियों पर भरोसा रखते हैं, तो आपके लिए यह सुनहरा मौका है।

**Tata Investment Corporation** अपने निवेशकों को इस बार **270 फीसदी डिविडेडं** देने जा रही है।
कंपनी ने इस संबंध में **रिकॉर्ड डेट** और **एक्स-डेट** की भी घोषणा कर दी है।

**कौन सी कंपनी दे रही है डिविडेडं ?**

१. **Tata Investment Corporation एक जानी-मानी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (NBFC) है।**

२. **यह मुख्य रूप से Tata Group की अन्य कंपनियों मे लंबी अवधि का निवेश करती है।**

**इसके पोर्टफोलियो मे कंई दिग्गज कंपनियों की हिस्सेदारी है :**

१. **Tata Chemicals — 6% हिस्सेदारी**

२. **Tata Consumer Products — 4.7% हिस्सेदारी**

३. **Trent — 4.3% हिस्सेदारी**

**कितना मिलेगा डिविडेंड ?**
कंपनी ने हाल ही में घोषित **FY2025** के **Q4** परिणामों के साथ यह जानकारी दी कि वह प्रत्येक 10 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयर पर 27 रुपये प्रति शेयर यानी 270% डिविडेंड देगी।

यह डिविडेंड कंपनी की आगामी **AGM (Annual General Meeting)** में शेयरधारकों की मंजूरी मिलने के बाद भुगतान किया जाएगा।

**रिकॉर्ड डेट और एक्स-डेट**
**Tata Investment Corporation** ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया है कि:
१. **रिकॉर्ड डेट : मंगलवार, 10 जून 2025**
२. **एक्स-डेट : भी 10 जून 2025 ही तय की गई है।**
इसका मतलब है कि सोमवार, 9 जून 2025 तक आपको कंपनी के शेयर खरीदने होंगे, ताकि वे रिकॉर्ड डेट तक आपके डिमैट खाते में सेटल हो जाएं।

**क्या होता है रिकॉर्ड डेट ?**
रिकॉर्ड डेट वह दिन होता है, जिस दिन तक जिन निवेशकों के पास कंपनी के शेयर होते हैं, वही डिविडेंड के हकदार होते हैं।

भारत में वर्तमान में **T+1 सेटलमेंट सिस्टम** लागू है, यानी ट्रेड के अगले दिन आपके डिमैट खाते में शेयर डिलीवर होते हैं। इसलिए निवेशकों को एक दिन पहले ही शेयर खरीदना होता है।

**Tata Investment का डिविडेंड रिकॉर्ड**
पिछले कुछ वर्षों में भी **Tata Investment Corporation** ने निवेशकों को शानदार डिविडेंड दिया है:

| **वर्ष** | **प्रति शेयर डिविडेंड (₹)** |
|---|---|
| 2024 | ₹28 |
| 2023 | ₹48 |
| 2022 | ₹55 |
| 2021 | ₹24 |

इस ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए निवेशकों के बीच कंपनी की **डिविडेंड** देने की नीति को लेकर भरोसा मजबूत बना हुआ है।

**Tata Investment का मौजूदा शेयर भाव**
१. **शुक्रवार को Tata Investment का शेयर ₹6825.45 पर बंद हुआ।**
२. **यह पिछले बंद भाव ₹6633.85 से 2.89% ऊपर था।**
इस बढ़त में **270 फीसदी डिविडेंड** की घोषणा की भी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.